प्रैस नोट

# विश्व पर्यावरण दिवस 2020 समारोह

विश्व पर्यावरण दिवस 2020 के मौके पर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में श्री कैलाश चौधरी, माननीय राज्य मंत्री (कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार), डॉ. त्रिलोचन महापात्र, महानिदेशक (भा.कृ.अनु.प.) एवं सचिव डेयर, डॉ. अशोक कुमार सिंह, निदेशक भा.कृ.अनु.सं., नई दिल्ली तथा डॉ. डी. के. यादव, सहायक महानिदेशक (बीज), भा.कृ.अनु.प. उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का प्रारम्भ डॉ. त्रिलोचन महापात्र, महानिदेशक- भा.कृ.अनु.प. ने माननीय राज्य मंत्री श्री कैलाश चौधरी जी को गमले वाला पौधा भेंट करके किया।

इस कार्यक्रम के दौरान माननीय राज्य मंत्री ने धान की पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को पर्यावरण संरक्षण हेतु बहुत गंभीर समस्या बताया और किसानों तथा वैज्ञानिकों से आह्‌वान किया कि वह आने वाले समय में पराली जलाने की बजाए उसका कुछ और अच्छा विकल्प ढूँढे ताकि पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके।

इस अवसर पर भा.कृ.अनु.प.- महानिदेशक, डॉ. त्रिलोचन महापात्र ने कृषि में आमूल चूल परिवर्तन करने पर ज़ोर दिया। खासकर धान की सीधे बिजाई पर, जिससे ग्रीन हाउस गैसों (मीथेन) का उत्सर्जन कम होता है। इसके अलावा बाढ़ रोधी एवं सूखा रोधी प्रजातियों के विकास पर बल दिया जिससे पर्यावरण के बदलते परिप्रेक्ष्य में किसानों को अधिक से अधिक लाभ हो सके।

डॉ. अशोक कुमार सिंह, निदेशक भा.कृ.अनु.सं., ने बताया कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का उद्‌देश्य जैवविविधता संरक्षण था। इसी श्रृंखला में पूसा संस्थान में सीता अशोक (*Sarraca asoca*) वृक्ष का वृक्षारोपण किया क्योंकि इन वृक्षों की संख्या हमारे कैंपस में बहुत कम थी।

इस कार्यक्रम के दौरान COVID 19 के तहत सभी नियमों जैसे मास्क एवं दस्ताने पहनना, सामाजिक दूरी आदि का पालन किया गया।



माननीय राज्य मंत्री श्री कैलाश चौधरी जी का डॉ. त्रिलोचन महापात्र, महानिदेशक- भा.कृ.अनु.प. द्वारा स्वागत




श्री कैलाश चौधरी, माननीय राज्य मंत्री (कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण




विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डॉ. त्रिलोचन महापात्र, महानिदेशक- भा.कृ.अनु. प. द्वारा वृक्षारोपण




डॉ. अशोक कुमार सिंह, निदेशक भा.कृ.अनु. स., नई दिल्ली द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण


विश्व पर्यावरण दिवस
दिनांक 5 जून, 2020
वृक्षारोपण कार्यक्रम
मुख्य अतिथिः
श्री कैलाश चौधरी
कृषि राज्य मंत्री
(भारत सरकार)
विशिष्ट अतिथिः
डॉ त्रिलोचन महापात्र
सचिव (डेयर) एवं महानिदेशक
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद,
नई दिल्ली